एक नजर में

वेतन नहीं दिया तो आउटसोर्स कर्मचारी करेंगे आंदोलन : कोमल सिंह

ग्वालियर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अनुबंधित सनशाइन सिक्योरिटी अन्य एजेन्सी के अधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कार्यरत सैकड़ों की संख्या में आउटसोर्स कर्मचारियों को फरवरी एवं मार्च माह का वेतन भुगतान आज दिनांक तक नहीं होने के कारण आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। जबकि प्रतिमाह 10 तारीख तक मानदेय भुगतान करने के आदेश प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल एवं श्रम आयुक्त इंदौर के द्वारा आदेश जारी किए गए थे परन्तु सनशाइन सिक्योरिटी द्वारा आदेशों पालन नहीं किया गया आउट सोर्स कर्मचारियों को मानदेय भुगतान नहीं किया गया है। जो कि प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं श्रम आयुक्त इंदौर मध्य प्रदेश के निर्देशों की अवेहलना है। सनशाइन सिक्योरिटी द्वारा समय पर मानदेय न देने व निविदा शर्तों का पालन न करने पर भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई जिससे कहीं ना कहीं यह सिद्ध होता है कि अधिकारियों एवं एजेन्सी की मिली भगत से आउट सोर्स कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है . आउटसोर्स कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह ने शासन प्रशासन से मांग की है सात दिन के भीतर वेतन सहित अन्य समस्याओं का निराकरण कराया जाए अन्यथा मजबूर होकर हड़ताल धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी ।

सुबह से छूटे पसीने, तपने लगा शहर

ग्वालियर। शहर में तेज गर्मी की शुरूआत हो चुकी है, लगातार एक माह से ज्यादा समय तक सामान्य से कम रहा तापमान आज सामान्य से अधिक हो चुका है। इसके चलते ना तो दिन में चैन मिल रहा है और ना ही रात को सुकून है। गर्मी और ज्यादा बढ़ेगी, क्योंकि मौसम पूरी तरह से साफ बना हुआ है और सूर्य की किरणें सीधे आ रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज शनिवार को कभी धूप तो कभी हल्की छांव रहेगी, शहर का न्यूनतम तापमान 23 .8 डिग्री दर्ज किया गया है जो कि सामान्य से 1 .3 डिग्री अधिक है, जबकि अधिकतम तापमान 40 .5 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 1 .5 डिग्री अधिक है। विगत तीन दिनों से लगातार रात के तापमान में वृद्धि हो रही है, जिसके चलते कूलर एवं एसी चलना शुरू हो गए हैं। वहीं जिन लोगों के अभी तक कूलर नहीं साफ हुए थे, उन्होंने दो दिन की गर्मी को देखते हुए अपने कूलर साफ कर शुरू कर दिए हैं।

पक्षियों के लिए सकोरे और राहगीरों को पिलाएंगे शरबत

ग्वालियर 17 अप्रैल। समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहने वाली सिंधु सोशल सोसाइटी महिला विंग द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए एक नेक पहल की जा रही है। आगामी 19 अप्रैल को अखंड तीज के पावन अवसर पर संस्था द्वारा पक्षियों के लिए दाना-पानी के सकोरे और आमजन के लिए शीतल शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी के कारण बेजुबान पक्षियों के लिए दाना-पानी का संकट खड़ा हो जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए महिला विंग द्वारा शहर के बाड़ा क्षेत्र में सकोरे, मिट्टी के पात्र वितरित किए जाएंगे। संस्था की अध्यक्ष अनुभा ठक्कर ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को अपने घरों और छतों पर पक्षियों के लिए पानी रखने हेतु प्रेरित करना है। अखंड तीज के उपलक्ष्य में संस्था द्वारा बाड़े पर ही विशाल शरबत वितरण शिविर लगाया जाएगा। बाजार में आने वाले राहगीरों और आम जनता को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए शीतल शरबत पिलाया जाएगा। संस्था की सचिव प्रिया मोटवानी ने सभी सदस्यों और शहरवासियों से इस पुनीत कार्य में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास ही समाज में बड़ा बदलाव लाते हैं।

वायु सेवाएं फिर से शुरू करने सभी संगठन एक मंच पर आएँ

ग्वालियर 17 अप्रैल। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने शहर के सभी औद्योगिक, व्यापारिक, चिकित्सक, अध्यापकगण, सामाजिक संस्थाएं, राजनैतिक दल, केन्द्र एवं राज्य सरकार के अधिकारी-कर्मचारी संगठन सभी से आग्रह किया है कि शहर की लड़खड़ा रही हवाई सेवा को पटरी पर लाने के लिए सभी को एक मंच बनाना होगा। कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने कहा कि केन्द्र सरकार ने 650 करोड़ रुपये लगाकर राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट को बनाया, किन्तु आज यह एयरपोर्ट वायुयान कंपनियों के ग्वालियर से फ्लाइट ना होने के निर्णय के कारण अपना महत्व खोता जा रहा है। ग्वालियर-नई दिल्ली इंडिगो की फ्लाइट प्रतिदिन की जगह एक दिन छोड़कर करना यात्रियों का विश्वास खत्म करना है। जब केन्द्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया थे उस समय ग्वालियर-जम्मू, ग्वालियर-अयोध्या, ग्वालियर-जयपुर, ग्वालियर-अहमदाबाद, ग्वालियर-बैंग्लौर, ग्वालियर-हैदराबाद सहित कई शहरों के लिए कनेक्टिविटी थी, किन्तु आज हवाई सफर लड़खड़ा गया है और यदि इस शहर के एयरपोर्ट को सुचारू रूप से संचालित करना हो तो हमें एकजुट होकर शहर के राजनैतिक, देश के राजनैतिक एवं केन्द्रीय मंत्रीगणों के समक्ष ग्वालियर की उपयोगिता और 650 करोड रुपये से बनाये गये एयरपोर्ट की बात रखना पड़ेगी और इसके लिए शीघ्र ही ग्वालियर शहर के सभी संगठनों को मिलकर एक वायुसेवा संघर्ष समिति बनाने का निर्णय लेना होगा और इस समिति के सदस्य आगे बढ़कर ग्वालियर की लड़खड़ाती वायुसेवा को बचाने हेतु समुचित प्रयास करेंगे। हम सभी उचित स्थानों पर मिलकर अपनी बात रखेंगे। कैट इसके लिए सभी संगठनों को एक मंच पर लाने का प्रयास करेगा।

जैन समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह 1 मई को

ग्वालियर 17 अप्रैल। अखिल जैन समाज की प्रतिष्ठित संस्था श्री वीर शिक्षा समिति ग्वालियर (जैन छात्रावास कर्मेव) द्वारा संचालित जैन सेन्ट्रल हाई स्कूल द्वारा ग्रेटर ग्वालियर जैन समाज के उन सभी प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्राओं का जिन्होंने इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल एवं सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं परीक्षाओं में 90 प्रतिशत और इससे अधिक अंक अर्जित किये है उनका प्रतिभा सम्मान समारोह 1 मई को शाम 6 :30 बजे बर्धमान बैंकट हॉल (जैन छात्रावास प्रांगण) में आयोजित किया जा रहा है। ग्रेटर ग्वालियर जैन समाज के सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं से निवेदन है कि अपने आवेदन पत्र 25 अप्रैल तक संस्था कार्यालय, माधव डिस्पेन्सरी के सामने राजपायगा रोड़ लश्कर ग्वालियर में कार्यालीन समय सुबह 9 बजे से 12 बजे तक आवश्यक रूप से जमा करा देवें।

सेवानिवृत्त उपपुलिस अधीक्षक को दिलाएं न्याय और वसूली पर लगाएं रोक : तरेटिया

ग्वालियर 17 अप्रैल . भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ मध्य प्रदेश एवं पेंशनर एसोसिएशन एक मंच एक आवाज मध्यप्रदेश से जारी विज्ञप्ति में पन्ना में सेवानिवृत्त उपपुलिस अधीक्षक भारत सिंह चौहान से पुलिस द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार एवं फर्जी केस दर्ज करने पर गहरा रोष व्यक्त किया है। प्रांताध्यक्ष आर एस तरेटिया एवं श्रीमती गीता भारद्वाज ने बताया कि पन्ना में सेवानिवृत्त उपपुलिस अधीक्षक भारत सिंह चौहान के साथ पुलिस चेकिंग के दौरान की गई अभद्रता तथा उन पर दर्ज फर्जी केस का हम विरोध करते हैं। दोषी पुलिस कर्मियों एवं पुलिस अधीक्षक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करते हैं तथा फर्जी केस वापस लेने की मांग भी करते हैं। दोनों पेंशनर्स नेताओं ने कहा कि पुलिस आए दिन वरिष्ठ नागरिकों के साथ अभद्र व्यवहार करती है और उनके सम्मान को ठेस पहुंचाती है। यही नहीं केवल वसूली करती है व्यवस्था नहीं । प्रतिदिन शहर के चौराहों पर टेम्पो व ऑटोवालों के कारण जाम लगा रहता है पर कोई व्यवस्था नहीं की जाती। हमारी मांग है कि ट्रैफिक पुलिस वालों को स्कूटर व कार चैकिंग के साथ ट्रैफिक सुधारने के निर्देश दिए जाए एवं स्टेशन से वसूली चौकी हटाई जाए ।

मरीजों के लिए वरदान बनी जिला अस्पताल में फिजियोथैरेपी

रविन्द्र सिंह चौहान

ग्वालियर 17 अप्रैल. मनुष्य के शरीर में दर्द एक ऐसी बीमारी है जिसमें आराम दवाइयों से कम और फिजियोथेरेपी से ज्यादा मिलता है। मुरार जिला चिकित्सालय में दिनों दिन दर्द के मरीज बढ़ रहे हैं। हॉस्पिटल में थैरेपी विभाग में पदस्थ डॉक्टर से लेकर नर्सिंग स्टाफ तक मरीजों के शरीर में होने वाले दर्द (बीमारी) को दूर करने में सेवा भाव से लगे हुए हैं। जिला चिकित्सालय में फिजियोथैरेपी कराने वाले 50 से 60 मरीज हर रोज आते हैं और उन्हें इस तकनीकी इलाज से दिनों दिन आराम भी मिल रहा है।

प्रतिदिन 50 से 60 मरीज ले रहे लाभ-डॉ धाकड़

ढाई साल में सौ से ज्यादा लोगों को किया स्वस्थ- डॉ . सोनी

फिजियोथैरेपी से यह बीमारियां होती है खत्म

गर्दन का दर्द, कंधे का दर्द, कमर दर्द, कंधे का जाम होना, फ्रेक्चर व ऑपरेशन, ऐडी का दर्द, फौलिस, लकवा, जोड़ो का दर्द, दाँतों का दर्द, चेहरे में फालिस, स्लिप डिस्क, पोलियो मैलाइटिस, वजन घटाना, टैनिस एल्बो, जोड़ों का दर्द, सूजन, गठियावाय में, कमर, पीठ, घुटना व कंधे का दर्द, हड्डी बढ़ने से एड़ी में दर्द, बच्चों का जन्मजात लकवा आदि की थैरेपी होती है .

नन्हे मुन्नों की मुस्कुराहट बनी ऑर्थोथैरेपी

ऑर्थो फिजियोथैरेपी विभाग में प्रतिदिन 15 से 20 मरीज बीमारी से ग्रस्त छोटे बच्चे इलाज के लिए आते हैं जिनमें जन्म से टेढ़ापन एवं जो मानसिक रूप से विकलांग है और चलते चलते अचानक गिर पड़ते हैं, डॉक्टर उन्हें ठीक करने में एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। वहां मौजूद स्टाफ बच्चों को कुर्सी पर बैठना सिखाता है। छोटे बच्चों के पैरों में टेढ़ेपन को ठीक करने के लिए ऑर्थोफिजियोथैरेपी (मालिश) करके पैरों की मांसपेशियों को मजबूत बनाते है इससे टेढ़ापन ठीक हो जाता है। यहां बच्चे नितदिन व्यायाम करते है एवं टेढ़े पैरों को सीधा करने के लिए सही शूज पहनाने की प्रेक्टिस कराते हैं। इससे टेढ़ेपन की बीमारी ठीक होती जा रही है।

मैं इस हॉस्पिटल में ढाई साल से कार्यरत हूँ हमारे प्रयास से अभी तक 100 से ज्यादा मरीज बच्चे ठीक हो गए हैं अब भी हर रोज 15 से 20 पेशेंट बच्चे यहां आते हैं कोई मानसिक विकलांग है किसी के पैरों में टेढ़ा पन है हम पूरी कोशिश करते हैं कि हमारे यहां से कोई मरीज निराश होकर नहीं जाए .

डॉ . धीरज सोनी-
ऑर्थो फिजियोथैरेपिस्ट, जिला चिकित्सालय मुरार

मैं एक हफ्ते से अपने बेटे को ऑर्थो थैरेपी करवाने हॉस्पिटल आ रही हूँ बच्चे को काफी दिनों से परेशानी थी अब दिनोंदिन आराम दिखाई दे रहा है यहां डॉक्टर पूरी लगन से बच्चों का इलाज करते हैं और स्टाफ भी पूरा सहयोग करता है।

- नीलम-गृहणी,
महेशपुरा मुरार

फिजियोथैरेपी से यह बीमारियां होती है खत्म

गर्दन का दर्द, कंधे का दर्द, कमर दर्द, कंधे का जाम होना, फ्रेक्चर व ऑपरेशन, ऐडी का दर्द, फौलिस, लकवा, जोड़ो का दर्द, दाँतों का दर्द, चेहरे में फालिस, स्लिप डिस्क, पोलियो मैलाइटिस, वजन घटाना, टैनिस एल्बो, जोड़ों का दर्द, सूजन, गठियावाय में, कमर, पीठ, घुटना व कंधे का दर्द, हड्डी बढ़ने से एड़ी में दर्द, बच्चों का जन्मजात लकवा और मंद बुद्धि, हाथी पाव, गर्दन हिलाने में दर्द, अकड़ना, कंधा ऊपर उठाने, पीछे ले जाने में दर्द सूजन, दो हड्डियों के बीच नस दबना,आँख, मुँह, हाथ पैर का लकवा, रीढ़ की हड्डीयों के बीच का डिस्क खिसक जाना, सियाटिका (कमर से एड़ी का दर्द खिंचाव), लिखने में हाथ कांपना, लिगामेंट, कार्टिलेज, टेंडन, मांस पेशियों की चोट और मोच, नस तथा हड्डियों के ऑपरेशन पश्चात सूजन, दर्द, जल, टेढ़ापन, झुनझुनी और शून्यपन, फ्रेक्चर के पश्चात आने वाला कड़ापन, सूजन, दर्द व अन्य तकलीफे, किसी भी ऑपरेशन के पश्चात होने वाली तकलीफें, महिलाओं में गर्भावस्था व प्रसव के बाद होने वाला कमर व पैरों का दर्द जैसी बीमारियां जड़ से खत्म हो जातीं है। फिजियोथैरेपी चिकित्सा पद्धति स्वास्थ्य प्रणाली का मजबूत स्तंभ है। यह न केवल रोगों के उपचार में बल्कि जीवन की गुणवत्ता सुधारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

हमारे यहाँ ज्यादातर मरीज कमरदर्द, गर्दन दर्द, प्रोजन, सोल्डर, स्पोर्ट इंजुरी जैसी बीमारियों से परेशान होकर आते हैं नियमित उपचार के दौरान 15 दिनों में मरीज को आराम मिलने लगता है और कुछ समय के बाद पेशेंट अपने आप को स्वस्थ्य महसूस करने लगता है उपचार में हमारे स्टाफ का भी पूरा योगदान रहता है।

डॉ . विजेंद्र सिंह धाकड़ -
न्यूरो फिजियोथैरेपिस्ट, जिला चिकित्सालय मुरार

हमारी उम्र 80 साल है हम साइकिल चलाते समय गिर गए थे और राइट साइड कंधे में चोट लग गई थी हमनें कई ऑर्थो स्पेशलिस्ट डॉक्टरों को दिखवाया पर दर्द नहीं गया अब कुछ दिनों से थैरेपी करवा रहा हूँ इससे मुझे काफी आराम है।

शंकर लाल
हनुमान कॉलोनी,गोला का मंदिर

एमआईटीएस में शुरू होगा 5 दिवसीय कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 17 अप्रैल. माधव इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस डीम्ड विश्वविद्यालय में 20 से 24 अप्रैल तक 'इनोवेशन, डिजाइन एंड एंटरप्रेन्योरशिप बूटकैंप' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह बूटकैंप अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद तथा शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है।

इस 5 दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं शिक्षकों में उद्यमिता की भावना, डिजाइन थिंकिंग और नवाचार कौशल को विकसित करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रोडक्ट डिजाइन, बिजनेस मॉडलिंग, ग्राहक विश्लेषण तथा स्टार्टअप पिचिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

बूटकैंप के प्रथम दिन उद्घाटन

'इनोवेशन, डिजाइन एंड एंटरप्रेन्योरशिप बूटकैंप' का आयोजन

सत्र के साथ डिजाइन थिंकिंग और समस्या पहचान पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किए गए। आगामी दिनों में कस्टमर डिस्कवरी, बिजनेस मॉडल कैनवास, रेवेन्यू मॉडल, प्रोटोटाइप डेवलपमेंट, फाइनेंशियल प्लानिंग तथा स्टार्टअप फंडिंग जैसे विषयों पर सत्र आयोजित होंगे।

इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 47 टीमों के 194 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिनमें 138 पुरुष एवं 56 महिला प्रतिभागी शामिल हैं। प्रतिभागियों में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात सहित अन्य राज्यों के विद्यार्थी भी शामिल हैं।

संस्थान प्रशासन के अनुसार, इस प्रकार के बूटकैंप से छात्रों को स्टार्टअप संस्कृति, नवाचार और व्यावसायिक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी तथा यह भारत के उभरते स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

गवर्मेंट जॉब दिलाने का झांसा देकर दोस्त ने किया रेप

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 17 अप्रैल. दोस्त ने सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर महिला मित्र को झांसे में लिया और उसके साथ गलत काम करने लगा। घटना हजीरा थाना क्षेत्र के पीएचई कॉलोनी की है। इसके बाद आरोपी नौकरी लगवाने के नाम पर उसका शोषण करने लगा। इसी बीच उनके साथ घूमने का बॉयफ्रेंड के भाई को पता लगा तो वह महिला के घर पहुंचा और उसकी मारपीट कर दी। शोषण और मारपीट की शिकार पीड़िता थाने पहुंची और मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। हजीरा थाना क्षेत्र के पीएचई कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय महिला की एक साल पहले मुलाकात शादी समारोह में लूटपूरा निवासी करण धाकड़ से हुई। हमउम्र होने और एक ही समाज के

दोस्त के भाई ने घर आकर पीटा, मामला दर्ज

होने के कारण उनके बीच दोस्ती हो गई और - बातचीत होने लगी। इसी बीच आरोपी ने उसे बताया कि उसके लिंक हैं और वह उसकी सरकारी नौकरी लगवा देगा। पीड़िता उसकी बातों में आ गई। एक दिन करण उसके किराए के कमरे पर आया तो वह अकेली थी और अकेला देखकर आरोपी ने जॉब लगवाने के नाम पर उसके साथ गलत काम किया। इसके बाद वह उसका शोषण करने लगा। जब भी वह नौकरी की बात करती तो आरोपी उसे टहला देता। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी के घर पर पहुंची तो आरोपी अपने घर से फरार मिला है। पुलिस आरोपी की तलाश में उसके संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है।

इनका कहना है

गवर्नमेंट जॉब का झांसा देकर एक युवक ने महिला से रेप की वारदात को अंजाम दिया है। वहीं उसके भाई ने महिला की मारपीट की है, मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रहे हैं।

- जितेन्द्र सिंह तोमर, टीआई हजीरा

कमरे में मिला तीन दिन पुराना शव

ग्वालियर। एक युवक का दो दिन पुराना शव कमरे में मिला है। तीन दिन पुराना शव होने के कारण उसमें कीड़े पड़ने लगे हैं। घटना झांसी रोड थाना क्षेत्र के ओफो की बगिया नाका चंद्रवदनी की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम को भी जांच के लिए बुलाया है। पुलिस ने शव को निगरानी में लेकर पीएम हाउस पहुंचा दिया है। फिलहाल पता नहीं चला है कि उसकी मौत किन कारणों से हुई है। झांसी रोड थाना पुलिस को दोपहर आजाद खान ने सूचना दी थी कि उसके घर के पास रामबाबू नामक युवक का टीन शेड है और उसमें से बदबू आ रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की तो अंदर एक युवक की लाश पड़ी थी। मामले का पता चलते ही मकान मालिक रामबाबू भी मौके पर पहुंचा और मृतक की पहचान दतिया निवासी राजू उर्फ राजेश अहिरवार के रूप में की।

शिकायत के बाद 'मर्सी होम' स्टाफ को प्रताड़ित करने का मामला गरमाया

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 17 अप्रैल. शहर की मानसिक आरोग्यशाला (मेंटल हॉस्पिटल) एक बार फिर विवादों के घेरे में है। सर्वमानव कल्याण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप चौरसिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संस्थान के संचालक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। चौरसिया का दावा है कि उनके द्वारा की गई भ्रष्टाचार की शिकायतों को दबाने के लिए संचालक अब 'मर्सी होम' के मेडिकल ऑफिसर से लेकर ठेका कर्मचारियों तक को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं।

स्टाफ को प्रताड़ित करने और धमकी देने का आरोप- भानु प्रताप चौरसिया के अनुसार, भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की शिकायत के बाद से ही मर्सी होम के स्टाफ पर दबाव बनाया जा रहा है। चौरसिया ने आरोप लगाया कि ठेका कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर की बार-बार फोटोकॉपी मांगी जा रही है। मेडिकल ऑफिसर पर दबाव बनाया जा रहा है कि वे कर्मचारियों की अनुपस्थिति (एब्सेंट) लगाएं। ठेका सुपरवाइजर वरुआ द्वारा मेडिकल ऑफिसर और सुरक्षा गार्ड को मोबाइल पर धमकी दी जा रही है। रजिस्टर की चोरी-छिपे फोटोकॉपी न देने पर ड्यूटी से निकालने की धमकी दी गई है।

डॉ . शर्मा के समर्थन में उतरा महासंघ

मेडिकल ऑफिसर डॉ . आशुतोष शर्मा के कार्य की प्रशंसा की गई है। चौरसिया ने कहा कि डॉ . शर्मा एक व्यवहार कुशल और सहनशील व्यक्तित्व हैं। कलेक्टर, एनएचएम की टीम और उच्च न्यायिक अधिकारियों (जजों) के दौरों के दौरान भी उनका कार्य हमेशा संतोषजनक पाया गया है। ऐसे ईमानदार अधिकारी को प्रताड़ित करना संस्थान की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

प्रधानमंत्री और केंद्रीय एजेंसियों से शिकायत कर निस्पक्ष जांच की मांग

मामले की गंभीरता को देखते हुए सर्वमानव कल्याण महासंघ ने इस भ्रष्टाचार की जांच प्रधानमंत्री कार्यालय, ई.डी., सी.बी.आई. और ई.ओ.डब्ल्यू. जैसी उच्च स्तरीय एजेंसियों से कराने की मांग की है। भानु प्रताप चौरसिया ने एनएचएम के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर संचालक को तुरंत पद से हटाने की मांग की है, ताकि जांच निष्पक्ष तरीके से हो सके और कर्मचारियों को धमकियों से निजात मिले।

दूसरी महिला से करता था बात, पत्नी ने रोका तो उसे पीटा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 17 अप्रैल. दूसरी महिला से बात करते पत्नी ने पकड़ा तो पति ने पत्नी की मारपीट कर दी। घटना पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के जमाहर गांव की है। मारपीट के बाद पति जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। घटना का शिकार पीड़िता थाने पहुंची और शिकायत की। पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के जमाहर निवासी 25 वर्षीय आरती कुशवाह पत्नी प्रदीप कुशवाह गृहिणी है। बीते रोज वह घायल हालत में थाने पहुंची और शिकायत की है कि उसका पति पिछले एक साल से लक्ष्मी रजकवार नामक महिला के साथ रह रहा है। बीते रोज वह महिला से बातचीत कर रहा था, जब उसने इसका विरोध किया तो पति ने उसकी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे दी। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।



एसकेवी में सिंधिया धरोहर फैस्ट का आयोजन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 17 अप्रैल. सिंधिया कन्या विद्यालय में नौवाँ माधव राव सिंधिया धरोहर फेस्ट के द्वितीय दिवस का शुभारम्भ विद्यालय सभागार में हुआ। इस अवसर पर बोर्ड ऑफ़ गवर्नर की अध्यक्षा महारानी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या निशि मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात पुरातत्वविद् एवं खाद्य मानवविज्ञानी डॉ. कुरुश दलाल उपस्थित रहे, अतिथि के रूप में रिया दलाल तथा विशेष अतिथि के रूप में यज़्दी करांजिया ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। निर्णायक मंडल के रूप में नवकाश, आनंदिता बनर्जी, कैनाज पारदीवाला हाथीराम, महारुख ज़ेड चिचगर एवं मुस्ताक खान चौधरी उपस्थित थे। इस समस्त कार्यक्रम की कोडिनेटर शिवांगी सहाय हैं। सिंधिया कन्या विद्यालय से गुनीष कौर एवं वाणी माहेश्वरी ने समुद्री यात्रा, महान हस्तियों तथा पवित्र अग्नि के माध्यम से पारसी समुदाय के गौरवपूर्ण इतिहास को प्रदर्शित किया। विद्या देवी जिंदल स्कूल हिसार से ईशानवी गौर एवं अनन्या चोपड़ा ने भारतीय वास्तुकला पर पारसियों के प्रभाव को दर्शाया, जबकि संस्कार वैली स्कूल, भोपाल से दिया चंद्रकांत एवं अवनि देशमुख ने दूध और चीनी की प्रसिद्ध घटना के माध्यम से उनके भारत आगमन को सजीव किया।

तत्पश्चात पारसी रसोई (पारसी क्यूज़ीन) प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें पारसी समुदाय की समृद्ध एवं विविध पाक परंपरा का प्रदर्शन हुआ। तत्पश्चात नक्शबंद (स्टोरीटेलिंग) प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसका विषय पारसी समुदाय की शिक्षा, राष्ट्र-निर्माण, स्वतंत्रता संग्राम और इतिहास में योगदान था। सिंधिया कन्या विद्यालय की हर्षिता मिश्रा ने 26/11 मुंबई हमले के संदर्भ में रतन टाटा की मानवीयता और करुणा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।